**NEWS CLIPPING:16.07.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## VC PROF. TOMAR URGED FOR TREE PLANTATION FOR NATURAL HABITATS



**FARIDABAD (TIT NEWS):** The Vice-Chancellor of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, Prof. S.K. Tomar today urged the plantation of such trees that helps to reduce temperatures and promotes natural habitats for birds. Prof. Tomar was addressing a program as part of a month-long Plantation Campaign carried out by the University. Additional District and Sessions Judge Dr. Pankaj was chief guest on this occasion. The University is celebrating the July month as 'Hariyali Parv' and to mark this occasion, a mega plantation campaign has been initiated and eminent personalities from all walks of life are being invited to participate in the plantation campaign. Earlier, Prof. Tomar welcomed Dr. Pankaj by presenting him a sapling. Registrar Dr. S.K. Garg, Dean (Colleges) Prof Tilak Raj, Dean Student Welfare Prof. Lakhwinder Singh, Chairperson (Incharge) Environmental Engineering Dr. Renuka Gupta, and other members of DSW office and Vasundhara ECO Club were present on this occasion. Dr. Pankaj along-with his better-half Smt Sushma participated in the plantation drive and planted the sapling of bael on the main ground. Addressing the program, Dr. Pankaj applauded the initiative by the University of conducting a month-long plantation campaign and said that we can improve your life by giving life to plants. He said that the need for protection and conservation of environment and sustainable use of natural resources is reflected in the constitutional framework of India and also in the international commitments of India. The Fundamental Duties under the Constitution casts a duty on every citizen of India to protect and improve the natural environment including forests, lakes, rivers and wildlife, and to have compassion for living creatures. He said that we have to ensure compliance of Environment Protection Acts in a disciplined manner, he added. Referring to the examples of Banyan Tree under which Lord Krishna delivered his message of "Bhagavad Gita" and Bodhi Tree under which Gautama Buddha attained enlightenment, Prof. Tomar said that trees have very significant values in our life and spirituality. We should value them as they are the source of life, he added. At the end of the program, Prof. Tilak Raj proposed the vote of thanks.

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:16.07.2022**

# AAJ SAMAJ

कार्यक्रम | अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. पंकज ने पौधरोपण अभियान में लिया हिस्सा

## पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों की अनुपालना को सुनिश्चित बनाना होगाः पंकज

■ वन्य जीवों की जरूरतों को पूरा करने के लिए भी पौधरोपण जरूरी: कुलपति तोमर

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. पंकज ने जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आयोजित पौधरोपण अभियान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों की अनुपालना को अनुशासित रूप से सुनिश्चित करने पर बल दिया। डॉ. पंकज विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे पौधारोपण अभियान में मुख्य अतिथि थे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए पौधारोपण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को पौधारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय आगमन पर कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने डॉ पंकज को पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ एसके गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ रेणुका गुप्ता और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। डॉ. पंकज ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा के साथ पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया और विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर बेल का पौधा लगाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. पंकज ने विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे पौधारोपण अभियान की सराहना की और कहा कि पौधों को जीवन देकर हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्धन और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग की आवश्यकता भारत के संवैधानिक ढांचे और भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं में भी परिलक्षित होती है।

संविधान के अंतर्गत भारत के प्रत्येक नागरिक पर वनों, झीलों, नदियों और वन्यजीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करने और जीवित प्राणियों के प्रति करुणा को मौलिक कर्तव्य में शामिल किया गया है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों की अनुपालना को अनुशासित रूप से सुनिश्चित करने पर बल दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने पौधारोपण अभियान के दौरान ऐसे पेड़ लगाने की आवश्यकता पर बल किया जो तापमान को कम करने में मदद करते हो तथा जिनसे पक्षियों एवं अन्य वन्य जीवों के लिए प्राकृतिक आवास को बढ़ावा मिले। भगवान कृष्ण द्वारा बरगद के पेड़ के नीचे दिये गये भगवद गीता के संदेश तथा गौतम बुद्ध को बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त के उदाहरणों का उल्लेख करते हुए प्रो. तोमर ने कहा कि पेड़ों का हमारे जीवन और आध्यात्मिकता में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है।

हमें पेड़-पौधों को जीवन में महत्त्व देना चाहिए क्योंकि ये जीवन के स्रोत हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रो. तिलक राज ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण अभियान के दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ न्यायाधीश डॉ. पंकज। साथ में कुलपति प्रो एसके तोमर।

**NEWS CLIPPING:16.07.2022**

# PIONEER

# पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों की अनुपालना है जरूरी

## वन्य जीवों की जरूरतों को पूरा करने के लिए भी पौधारोपण जरूरी : कुलपति प्रो. तोमर



जेसी बोस विश्व विद्यालय में पौधा रोपण करते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अतिरिक्त** जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. पंकज ने जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आयोजित पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों की अनुपालना को अनुशासित रूप से सुनिश्चित करने पर बल दिया। डॉ. पंकज द्वारा चलाये जा रहे पौधारोपण अभियान में मुख्य अतिथि थे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए पौधारोपण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को पौधारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय आगमन पर कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने डॉ पंकज को पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ रेणुका गुप्ता और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:16.07.2022**

# REPCO NEWS

# पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों की अनुपालना को सुनिश्चित बनाना होगा : न्यायाधीश डा0 पंकज



फरीदाबाद, 15 जुलाई (रैपको न्यूज़)। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. पंकज ने जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आयोजित पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों की अनुपालना को अनुशासित रूप से सुनिश्चित करने पर बल दिया।डॉ. पंकज विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे पौधारोपण अभियान में मुख्य अतिथि थे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए पौधारोपण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को पौधारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।विश्वविद्यालय आगमन पर कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने डॉ पंकज को पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ रेणुका गुप्ता और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

डॉ. पंकज ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा के साथ पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया और विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर बेल का पौधा लगाया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. पंकज ने विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे पौधारोपण अभियान की सराहना की और कहा कि पौधों को जीवन देकर हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्धन और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग की आवश्यकता भारत के संवैधानिक ढांचे और भारत की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं में भी परिलक्षित होती है। संविधान के अंतर्गत भारत के प्रत्येक नागरिक पर वनों, झीलों, नदियों और वन्यजीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करने और जीवित प्राणियों के प्रति करुणा को मौलिक कर्तव्य में शामिल किया गया है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों की अनुपालना को अनुशासित रूप से सुनिश्चित करने पर बल दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने पौधारोपण अभियान के दौरान ऐसे पेड़ लगाने की आवश्यकता पर बल किया जो तापमान को कम करने में मदद करते हो तथा जिनसे पक्षियों एवं अन्य वन्य जीवों के लिए प्राकृतिक आवास को बढ़ावा मिले। भगवान कृष्ण द्वारा बरगद के पेड़ के नीचे दिये गये भगवद गीता के संदेश तथा गौतम बुद्ध को बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त के उदाहरणों का उल्लेख करते हुए प्रो. तोमर ने कहा कि पेड़ों का हमारे जीवन और आध्यात्मिकता में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। हमें पेड़-पौधों को जीवन में महत्व देना चाहिए क्योंकि ये जीवन के स्रोत हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रो. तिलक राज ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**NEWS CLIPPING:16.07.2022**

# DAINIK BHASKAR

# जिले में पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित बनाना होगाः डॉ. पंकज

**फरीदाबाद** | अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. पंकज ने जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित पौधरोपण अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों की अनुपालना को अनुशासित रूप से सुनिश्चित करने पर बल दिया। डॉ. पंकज ने कहा कि संविधान के अंतर्गत भारत के प्रत्येक नागरिक पर वनों, झीलों, नदियों और वन्य जीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करने और जीवित प्राणियों के प्रति करुणा को मौलिक कर्तव्य में शामिल किया गया है।